तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 31 मार्च 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल ने जिला चिकित्सालय में 100 बेबी किट का किया वितरण



## खबर संक्षेप

### रेलवे बदल रहा है टिकट रद्द होने पर रिफंड का नियम

**कोरबा।** रेलवे एक अप्रैल 2026 से नियमों में बदलाव कर रहा है। इसमें महत्वपूर्ण बात यह है कि अब यात्री ट्रेन रवानगी से केवल आधे घंटे पहले भी अपना बोर्डिंग स्टेशन बदल सकेंगे। मतलब यादि निर्धारित स्टेशन तक समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं, तो आधे घंटे पहले बोर्डिंग स्टेशन बदल कर अगले स्टेशन पर अपनी कंफर्म सीट ले सकते हैं। इसके अलावा अब रिफंड पाने के लिए कम से कम आठ घंटे पहले ही टिकट निरस्त करना होगा। इसके बाद रद्द टिकट पर कोई रिफंड नहीं मिलेगा। पहले इसकी समयसीमा चार घंटे थी। साथ ही रेलवे ने यह भी कहा है कि आठ से 24 घंटे पहले तक निरस्त टिकटों पर यात्रियों को 50 प्रतिशत किराया वापस कर दिया जाएगा। जबकि 24 से 72 घंटे के बीच टिकट निरस्त कराने पर 25 प्रतिशत कैंसिलेशनर चार्ज लिया जाएगा। रेल मंत्रालय ने टिकटों की कालाबाजारी और तत्काल टिकट का गलत तरीके से इस्तेमाल को भी रोकने का फैसला किया है।

### सब्जियों के दाम घटे फल हुए महंगे

**कोरबा।** किसानों द्वारा गर्मियों में लगाए गए हरी सब्जियों की बंफर आवक हो रही है, जिसके कारण लगभग टमाटर, गोभी, बैगन की लोकल आवक के चलते सब्जियां सस्ती हुई है। कारण यह है कि लोकल दाम कम हो गए हैं। सभी सब्जियों के लोकल बाजार में काफी सस्ते में हरी सब्जियां मिल रही है। उत्पादन भी काफी अधिक हो गया है। साथ ही अन्य जिलों से ऐसे सब्जियों की खेप भी अधिक आ रही है। दूसरी ओर फलों के दाम भी काफी बढ़ गए हैं। जिले में बैगन, मिर्च, कोचाई, धनिया, पालक, चौलाई, प्याज, टमाटर, करेला, बरबट्टी इत्यादि की खेती की है। जिससे इन क्षेत्रों से हरी प्रायः सभी प्रकार के हरी सब्जी की खेप आ रही है। सब्जियों की आवक मण्डीयों में होती है। वर्तमान में वही अन्य जिले की मंडियों से भी अच्छी खेप आ रही है। जिससे सब्जी बाजार में दाम कम हो गये हैं। तकरीबन 20 प्रतिशत किसान गर्मी के दिनो में सब्जी की फसल लगाते हैं।

### वार्डों में सुबह ढाई घंटे देर से हुई पानी की सप्लाई

**कोरबा।** पश्चिम क्षेत्र बांकीमोंगरा में एसईसीएल की खुली व भूमिगत कोयला खदानों के कारण गर्मी में भूजल स्तर तेजी से गिरता है। नगर निगम का वार्ड होने से आवासीय कॉलोनियों को छोड़ संस्थान पाइपलाइन से पीने के पानी की सप्लाई कर रहा है। हसदेव नदी पर गेरवाघाट पुल के पास बने सर्वेश्वर एनीकट से पेयजल की आपूर्ति की जाती है। एनीकट से पानी लेने के बाद वहां के इंटकवेल को भरा जाता है। इसके बाद पाइप से पानी कोहड़िया के 29 एमएलडी क्षमता के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में जल शोधन के बाद पश्चिम क्षेत्र बनाई 14 टंकियों को भरा जाता है। इसके लिए पाइपलाइन बिछाई गई है, जिसके माध्यम से पानी टंकियों तक पहुंचता है। इसके बाद वार्डों में सप्लाई की जाती है।

# अब कोयला कर्मियों व पेंशन भोगियों को मिलेगी टाटा मेमोरियल में मुफ्त कैंसर इलाज की सुविधा

## कोलइंडिया के बीओडी की बैठक में लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कोयला कर्मियों को बेहतर इलाज की सुविधा देने के लिए प्रबंधन ने बड़ा निर्णय लिया है। अपने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को बड़ी स्वास्थ्य राहत देते हुए कंपनी ने कैंसर उपचार को लेकर अहम फैसला लिया है। मुंबई स्थित टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल को कैंसर इलाज के लिए अधिकृत संस्थान मानते हुए वहां होने वाले उपचार का पूरा खर्च अब कंपनी वास्तविक आधार पर वहन करेगी। इसमें डॉक्टर परामर्श, जांच, इमेजिंग, कीमोथेरेपी, रेडिएशन थेरेपी और सर्जरी जैसे सभी मानक उपचार शामिल होंगे।

यह निर्णय कोल इंडिया के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की 487वीं बैठक में लिया गया, जो कंपनी के चेयरमैन बी. साईराम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसके आधार पर 20 मार्च को विस्तृत प्रावधानों के साथ कार्यालय आदेश जारी किया गया। यह आदेश एसईसीएल, बीसीसीएल, ईसीएल, सीसीएल सहित सभी कोयला कंपनियों में लागू होगा। इसके तहत कोल इंडिया के लगभग सवा दो लाख वर्तमान कर्मचारी और करीब 5.80 लाख पेंशनभोगी, जिनके पास कंपनी का हेल्थ कार्ड है, लाभान्वित होंगे। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि यह सुविधा तभी मिलेगी जब इलाज टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल द्वारा प्रमाणित हो और स्वीकृत ऑन्कोलॉजी प्रोटोकॉल के तहत किया गया हो। यह निर्णय कार्यरत कर्मचारियों के साथ-साथ सेवानिवृत्त कर्मियों और अन्य पात्र लाभार्थियों पर भी लागू होगा, जो मेडिकल अटेंडेंस रूल्स और सीपीआरएमएसई योजनाओं के अंतर्गत आते हैं। इस निर्णय से कर्मचारियों और पेंशनभोगियों में राहत की संभावना है। कोल इंडिया बोर्ड के इस निर्णय के बाद विस्तृत गाइडलाइन के साथ पत्र सभी कंपनियों को भेज दिया गया है।

**खास बातें**

- कंपनी ने कैंसर उपचार को लेकर लिया फैसला
- उपचार के लिए कंपनी उठाएगी पूरा खर्च



## बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट की बढ़ाई गई रफ्तार, 58 घंटे किया जा रहा संचालित

# पड़ोसी जिले का कुदरी बैराज प्यासा, बांगो के पानी से बुझेगी प्यास, दर्री डेम का खोला गया गेट



हसदेव दर्री बैराज।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जैसे-जैसे गर्मी तेज होने लगी है तालाब, नल और बैराज भी सूखने लगे हैं। पड़ोसी जिले जांजगीर चांपा का कुदरी बैराज सूखने लगा था और पानी की लगातार डिमांड आ रही थी। डिमांड को देखते हुए जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने बांगो बांध बने हाइडल प्लांट की रफ्तार बढ़ा दी और हसदेव दर्री बैराज का एक गेट खोलकर लगातार पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे पड़ोसी जिले जांजगीर चांपा का कुदरी बैराज अब धीरे-धीरे भरने लगा है। जैसे ही यह लबालब होगा। हसदेव बैराज का गेट बंद कर दिया जाएगा।

**खास बात**

- हसदेव दर्री की बैराज का एक गेट खोलकर 29 हजार क्यूसेक छोड़ा जा रहा पानी

उल्लेखनीय है कि गर्मी के सीजन में नदी नाले लगातार सूखने लगे हैं और लगातार पानी की डिमांड आ रही है। बताया जाता है कि पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा का कुदरी बैराज के कंठ सूखने लगे थे। और लगातार पानी की डिमांड आ रही थी। पानी की डिमांड को देखते हुए जल संसाधन विभाग के अफसर ने निर्णय लिया और हसदेव बैराज बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट को 58 घंटे संचालित किया जा रहा है। जिससे 7 हजार क्यूसेक से अधिक पानी पहुंच रहा है। हसदेव दर्री बैराज का गेट नंबर 3 खोलकर लगभग 3 हजार क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है यह पानी सीधा जांजगीर चांपा के कुदरी बैराज पहुंच रहा है और बैराज का वाटर लेवल धीरे धीरे बढ़ना शुरु हो गया। जल संसाधन विभाग के अफसरों की माने तो दो से तीन दिनों में हसदेव कुदरी बैराज पूरी तरह से भर जाएगा। इसके बाद हसदेव बैराज का गेट बंद कर दिया जाएगा।

### बांगो बांध में अभी भी है 66 फ़ीसदी पानी

जल संसाधन विभाग की माने तो हसदेव बांगो बांध में इस साल पानी की कोई कमी नहीं है। मौजूदा स्थिति में सोमवार को हसदेव बांगो बांध का वाटर लेवल 353.58 मीटर है जो कुल जल भराव का 66.50 प्रतिशत वाटर लेवल है। लगातार पानी की डिमांड आने की वजह से बांगो बांध बने हाइडल प्लांट को संचालित किया जा रहा है और किसानों के साथ-साथ निस्तारी के लिए पानी दिया जा रहा है। बताया जाता है कि आने वाले दिनों में यदि किसानों द्वारा पानी की और भी डिमांड आती है तो हाइडल प्लांट की रफ्तार और बढ़ाई जाएगी और दाएं और बांयी तट नहर के माध्यम से किसानों को भरपूर पानी दिया जाएगा।

# प्रेमी ने साथियों के साथ मिलकर किशोरी पर किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 15 वर्षीय किशोरी के पूर्व प्रेमी ने उसे पैसे लेने के बहाने उसके गांव के समीप हाईवे पर बुलाया था। जहां पहले से मौजूद पूर्व प्रेमी सहित उसके चार अन्य साथियों ने मिलकर किशोरी के गर्दन पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस दौरान किशोरी गंभीर रुप से घायल हो गई। किशोरी को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। चाकूबाजी की घटना सामने आते ही पुलिस की टीम हरकत में आई और चंद घंटे के बाद ही पुलिस ने वारदात में शामिल तीन नाबालिकों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि मामले में फरार दो आरोपियों की सरगर्मी से खोजबीन की जा रही है। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है बताया जाता है।

**खास बातें**

- उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम जुनवानी हाईवे के समीप हुई वारदात
- तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, दो की तलाश जारी

उरगा थाना क्षेत्र में अंतर्गत ग्राम जुनवानी में निवासरत एक 15 वर्षीय किशोरी का ग्राम सालियाभाटा सोहागपुर में रहने वाले एक नाबालिक युवक से प्रेम प्रसंग चला आ रहा था और पिछले कुछ महीनों से दोनों के बीच ब्रेकअप हो गया था। बताया जाता है कि नाबालिक युवक अपने चार अन्य साथियों के साथ सोमवार की दोपहर लगभग 1:30 बजे जुनवानी हाईवे का पहुंचा था और 5 हजार पुराने लेनदेन की रकम लेने के लिए उसने अपनी पूर्व प्रेमिका को घटना स्थल पर बुलाया था। नाबालिक किशोरी के आते ही पुरानी बातों को लेकर उनके बीच कहासुनी हो गई और नाबालिक किशोरी पर उसके पूर्व प्रेमी उसके साथियों ने गर्दन पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए। वारदात होती ही नाबालिक किशोरी मौके पर गिर गई और खून से लहु लुहान हो गई। वारदात होते ही मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई और स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। चाकूबाजी की सूचना पाते ही नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक्षा चतुर्वेदी एवं उरगा थाना प्रभारी ⏭ शेष पेज 3 पर

# विश्राम नगर के समीप ट्रांसफार्मर में लगी आग, जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गेवरा-दीपका क्षेत्र अंतर्गत पाली रोड स्थित झाबर के विश्राम नगर में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक विद्युत ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज और ऊंची थीं कि आसपास मौजूद लोगों में दहशत फैल गई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रांसफार्मर से पहले चिंगारियां निकलना शुरू हुआ जिसके बाद देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें दूर से ही दिखाई दे रही थी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए, वहीं कुछ लोगों ने तुरंत बिजली विभाग और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि क्षेत्र में लंबे समय से ट्रांसफार्मरों की स्थिति खराब बनी हुई है। कई स्थानों पर बिजली के तार खुले हुए हैं और कई तार जल चुके हैं, जिससे आए दिन शॉर्ट सर्किट की स्थिति बनती रहती है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस समस्या को लेकर वे कई बार बिजली विभाग से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से ट्रांसफार्मरों की स्थिति खराब बनी हुई है। कई स्थानों पर बिजली के तार खुले हुए हैं और कई तार जल चुके हैं, जिससे आए दिन शॉर्ट सर्किट की स्थिति बनती रहती है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस समस्या को लेकर वे कई बार बिजली विभाग से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

**खास बात**

- दीपका थाना क्षेत्र के विश्राम नगर के समीप हुई घटना



ट्रांसफार्मर में इस तरह लगी थी आग।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केरवाद्वारी निवासी करण यादव उम्र 24 वर्ष अपने एक अन्य साथी के साथ पताढ़ी से सरगबुंदिया की ओर आ रहा थे कि इसी दौरान बीच रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को अपने चपेट में ले लिया। जिससे मौके पर ही करण यादव की मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल है जिसे स्थानीय राहगिरों की मदद से मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है। वहीं सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेंदरकोना निवासी लाल सिंह 35 वर्ष पिता रामेश्वर सिंह मंझवार अपने घर के कुएं में गिर गया था। आनन फानन में जब परिजनों को पता चला तो उसे कुएं से बाहर निकालकर उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया।




## जिला अधिवक्त संघ की चुनाव प्रक्रिया तेज, 12 को होगा मतदान

# जिला अधिवक्ता संघ चुनाव : पुरुष व महिला क्रीड़ा सचिव चुने गए निर्विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला अधिवक्ता संघ के लिए चुनावी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और नामांकन की प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है। अधिवक्ता संघ के पदों पर दो प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए हैं। जिसमें सांस्कृतिक एवं कीड़ा सचिव पुरुष, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव महिला कनिष्ठ चुने गए हैं। जबकि बांकी पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है। अब नाम वापसी के बाद प्रचार का दौर शुरू होगा और इसके बाद मतदान की प्रक्रिया संपन्न के बाद स्थिति स्पष्ट होगी कि कौन-कौन से पद पर कौन कब्जा मारेगा।



निर्विरोध चुने गए अधिवक्ता व अन्य।

जिला अधिवक्ता संघ के दो वार्षिक कार्यकाल के लिए चुनौती प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है। जिला अधिवक्ता संघ के मुख्य चुनाव अधिकारी गोपी कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव पुरुष में अधिवक्ता हरिशंकर श्रीवास व संस्कृतिक क्रीड़ा सचिव महिला में सावित्री धांधी दोनों पदों के लिए मात्र एक एक प्रत्याशी द्वारा नामांकन दाखिल किया गया था जिससे दोनों निर्विरोध चुन लिए गए हैं। वहीं दूसरी ओर अध्यक्ष पद के लिए चार दावेदार सामने आए हैं। जिसमें मुख्य रूप से गणेश कुलदीप, संजय जयसवाल और राकेश दुबे, शिवनारायण सोनी। इसी तरह उपाध्यक्ष पुरुष के लिए बद्री प्रसाद मोदी, रवि शर्मा, अब्दुल हफीज खान, एसव्ही पुरोहित, बालक राम बरेठ, दीपक दुबे मैदान में है। जबकि महिला उपाध्यक्ष के लिए श्रीमती सरिता पांडे और उर्मिला भगत। इसी तरह सचिव पद के लिए सुनील यादव, चंद्रदीप शर्मा, रघुनंदन सिंह ने नामांकन दाखिल किया है। सह सचिव पुरुष में रवि भगत, लक्ष्मण पटेल, सह सचिव महिला में सबीना खातून, माधुरी गोरई, कोषाध्यक्ष पद के लिए अमरनाथ कौशिक, पुरुषोत्तम गोयल, किरण भान शांडिल्य तथा ई ग्रंथालय सचिव के लिए अशोक शर्मा, छतराम साहू, संतोष साहू, क्रांति श्रीवास शामिल हैं। जबकि कार्यकारिणी सदस्य में वरुण कुमार, स्वप्निल शर्मा, श्रवण थावाहित, यमुना मानिकपुरी, आशीष सिंह, दीपेश साहू, सुनीता, शिवकुमार, लीना साहू, करम प्रजापति ने ⏭ शेष पेज 3 पर

## खबर संक्षेप

### शराब पीकर सड़क पर गाड़ी खड़ी की, जब्त

**बिलासपुर।** शराब पीकर गाड़ी चला रहे युवक ने कार सड़क पर खड़ी कर दी, पुलिस ने उसे पकड़कर गाड़ी जब्त कर ली है। युवक के खिलाफ शराब पीकर गाड़ी चलाने की कार्रवाई की गई है। तारबाहर टीआई रविन्द्र अनंत ने बताया, 30 मार्च को सुबह 3.30 बजे पेट्रोलिंग पार्टी क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी। इसी दौरान एफसीआई चौक के पास आई 20 क्रमांक सीजी 31 ए, 9100 में चालक मिनोचा कालोनी निवासी जैद अहमद पिता जुबैर अहमद 26 साल नशे में सड़क में कार खड़ी कर बदहवाश हालत में मिला। पेट्रोलिंग पार्टी कार सहित युवक को थाने ले गई। मुलाहिजा कराने पर जैद अहमद के शराब पीने की पुष्टि हुई। पुलिस ने उसके खिलाफ शराब पीकर गाड़ी चलाने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई कर कार जब्त कर लिया है।

### बार के गेट पर युवक के साथ मारपीट

**बिलासपुर।** जन्मदिन की पार्टी के दौरान बार में नाचने के दौरान धक्का लगने से गेट पर युवक के साथ जमकर मारपीट कर दी गई है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, तेलीपारा मेडिकल काम्प्लेक्स निवासी आर्यन कश्यप पिता विमल कश्यप 28 मार्च की रात 10 बजे अपने दोस्त हिमांशु वर्मा का जन्मदिन मनाने सैकी उभारे, अनिश गुप्ता, राहुल गुप्ता के साथ श्रीकांत वर्मा चौक एक बार में गए थे। नाचने के दौरान उन्हें लड़कों ने धक्का दिया। उन्होंने आराम से नाचने को कहा तो उन लोगों ने सारी कहा। 12.30 बजे बार बंद होने पर आर्यन दोस्तों के साथ पार्किंग में गाड़ी लेने जा रहे थे। गेट के पास शिवा राव अन्य युवकों ने उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से जमकर मारपीट की है। पुलिस ने आर्यन की रिपोर्ट पर हमलावर शिवा राव व अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### मामूली विवाद में युवक पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** मामूल में एक युवक के गले में चाकू से हमला कर दिया गया है। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रतनपुर श्रीपारा निवासी अजय ध्रुव पिता स्व. इतवार सिंह ध्रुव, राहुल सिदार, रोहित ध्रुवे के साथ शादी में शामिल होने घासीपुर गए थे। वापस लौटते समय लखनीदेवी के पास बाइक सवार चार युवको ने उन्हें कट मारा। अजय ध्रुव ने मना किया तो युवकों ने उनके साथ मारपीट करते हुए गले में चाकू से हमला कर दिया है। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रतनपुर थाना प्रभारी अंशिका जैन ने बताया, चाकू से हमला की कोई रिपोर्ट थाने में नहीं आई है।

### बाइक अनियंत्रित होने से युवक की गिरकर मौत

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार बाइक चलाने पर अनियंत्रित होने से पीछे बैठा युवक गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। बिल्हा टीआई अवनीश पासवान ने बताया, 29 मार्च को भोथीडीह निवासी दिलहरण कैवर्त्य अपने जीजा शिवप्रसाद के साथ बाइक में काम से बिल्हा आया था। वापस जाते समय दगौरी पानी टंकी के पास बाइक अनियंत्रित हो गया, जिससे पीछे बैठा दिलहरण कैवर्त्य गिर गया, सिर में गंभीर चोट आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने चालक शिव प्रसाद निषाद के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

---

**सब गोलमाल है ...** क्षेत्र के ओहदेदार के बेटे को बचाने का चल रहा खेल

# ट्रैक्टर ट्राली से गिरकर युवक की मौत, सीपत पुलिस ने जांच में मृतक को बता दिया चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

6 दिन पहले सीपत क्षेत्र के डगनिया खारून नदी से अवैध रेत परिवहन के दौरान घाट में ट्रैक्टर के चालक के द्वारा तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने पर ट्राली में सवार एक युवक गिर गया और चक्के की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सीपत पुलिस ने जांच के बाद मर्ग इंटीमेशन में मृतक को ही चालक बताकर जांच शुरू कर दी। बताया जाता है चालक क्षेत्र के ओहदेदार का बेटा है, इसलिए पुलिस पर उसे बचाने के आरोप लग रहे हैं।

24 मार्च 2026 को सीपत क्षेत्र के ग्राम डगनिया खैरा निवासी महेन्द्र कुमार कश्यप पिता हरप्रसाद कश्यप 32 साल ट्रैक्टर चालक के साथ डगनिया खैरा खारून नदी में अवैध रेत लेने गया था। गाड़ी में रेत भरने के बाद वह पीछे ट्राली में रेत पर बैठ गया था। चालक के द्वारा रेत घाट में तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाने से महेन्द्र कश्यप उछल कर नीचे गया और चक्का उसके ऊपर से चल जाने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। 25 मार्च को सीपत थाने के एएसआई भारत सिंह मरकाम के द्वारा मर्ग इंटीमेशन लिया गया। जिसमें ट्राली में सवार मृतक को चालक बता दिया गया है। मर्ग इंटीमेशन के अनुसार, मृतक महेन्द्र कुमार कश्यप प्रशांत पटेल के ट्रैक्टर को चलाते हुए खारून नदी झापबाड़ी घाट गया था।

रेत भरने के बाद महेन्द्र कश्यप इंजन में बैठकर गाड़ी चला रहा था। शाम 5 बजे महेन्द्र कश्यप अचानक तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाने लगा जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित होने से वह ड्राइवर सीट से नीचे गिर गया और चक्के में दबकर उसकी मौत हो गई।





अवैध रेत परिवहन के दौरान घाट पर इसी ट्रैक्टर से गिरा था मृतक।

#### मामले को दबाने का प्रयास

बताया जाता है ट्रैक्टर को क्षेत्र के ओहदेदार का बेटा चला रहा था। हादसे के बाद क्षेत्र में हड़कंच मच गया और रातों रात ओहदेदार के बेटे को बचाने की रणनीति बनाई गई, ट्राली में सवार मृतक को चालक बताकर इंजन से गिरकर मृत्यु होना बताकर मामले को रफादफा करने की कोशिश की जाने लगी।

#### अवैध रेत परिवहन पर भी कार्रवाई नहीं

खारून नदी से अवैध रूप से रेत परिवहन करने के दौरान रेत घाट में हादसा हुआ और युवक की जान चली गई। 6 दिन बीत जाने के बाद भी ट्रैक्टर मालिक व चालक के खिलाफ अवैध रेत परिवहन करने की कार्रवाई नहीं की गई है, जबकि पूर्व में कोटा, सिविल लाइन, कोनी में अवैध रूप से रेत परिवहन करते पकड़े जाने पर ट्रैक्टर मालिक व चालक के खिलाफ बीएनएस की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

#### मामले की जांच की जा रही है

परिजन के बयान के आधार पर मर्ग इंटीमेशन में मृतक को चालक बनाया गया है। जानकारी मिली है कि ट्रैक्टर दूसरा व्यक्ति चला रहा था। मामले की जांच जारी है जांच में जो भी चालक पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

**-राजेश मिश्रा,** सीपत टीआई

---

वार्ड क्रमांक 58 खमतराई में दिन भर होता रहा हंगामा

# 50 एकड़ में अवैध प्लाटिंग, 60 मकान भी बन गए, 8 साल बाद अब जागा निगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पिछले 8 सालों से निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 58 खमतराई में 50 एकड़ में अवैध प्लाटिंग की जा रही है। इसी अवैध कालोनी में 60 से अधिक मकान भी बना लिए गए हैं तो 20 के करीब निर्माणाधीन हैं। 100 से अधिक प्लाट बेचने की तैयारी भी थी। लगातार शिकायतों के बाद नगर निगम की नींद खुली और सोमवार को कार्रवाई की गई। 18 निर्माणाधीन मकानों पर बुलडोजर चलाया गया तो 80 के करीब बाउंड्री तोड़ी गई। इस दौरान जमीन दलाल रामफल यादव के साथ ही मकान बनाने वालों ने जमकर हंगामा मचाया। बुलडोजर को रोका गया तो निगम कर्मियों से हुज्जतबाजी की गई। एक घंटे तक कार्रवाई रोकनी भी पड़ी। बाद में पुलिस की मौजूदगी में कार्रवाई पूरी की गई।

- **18 निर्माणाधीन मकानों पर बुलडोजर चला, 80 बाउंड्री तोड़ी गई**

वार्ड क्रमांक 58 खमतराई में रामफल यादव द्वारा खसरा क्रमांक 313/1 में सालों पिछले 8 सालों से अवैध प्लाटिंग की जा रही थी।किसानों से एग्रीमेंट करते हुए 50 एकड़ जमीन पर प्लाट काटकर बिक्री की जा रही थी। निगम और प्रशासन ने लेकिन कभी ध्यान नहीं दिया और ना ही कोई कार्रवाई की। इसी कारण रामफल यादव के हौसले बुलंद होते चले गए और अवैध प्लाटिंग जारी रही। 150 से अधिक प्लाट बिक गए तो निगम को होश आया और सोमवार को टीम मौके पर पहुंची।




खमतराई के अवैध कालोनी पर कार्रवाई करता नगर निगम का अमला।

#### लोगों ने किया हंगामा, हमारी क्या गलती



मौके पर पहुंचे निगम के अधिकारियों के होश ही उड़ गए जब मौके पर बने 60 से अधिक मकानों को देखा।पूरी अवैध कालानी बस गई थी और 20 के करीब मकान और बनाए जा रहे थे। इसके अलावा 100 से अधिक प्लाट भी काटे गए थे।निगम ने सभी प्लाटों के लिए बनाई गई बाउंड्री को तोड़ दिया। इसके साथ ही निर्माणाधीन मकानों पर बुलडोजर चलाई गई तो वहां के लोग विरोध करने लगे। लोगों का कहना था कि हमने पूरे पैसे देकर जमीन खरीदी है और मकान बना रहे हैं।इसमें उनकी क्या गलती है। बिल्डर पर कार्रवाई होनी चाहिए। निगम ने अवैध प्लाटिंग पर बने मकान को अवैध बताते हुए मकानों को तोड़ दिया हालांकि जो मकान पूरी तरह बन गए थे और जिनमें लोग रहने लगे थे उन्हें नहीं तोड़ा गया।

#### तीन बार कार्रवाई फिर भी खरीदी बिक्री जारी

निगम इंजीनियर जुगल सिंह के मुताबिक रामफल यादव द्वारा की जा रही इस अवैध प्लांटिग पर तीन बार पहले भी कार्रवाई हुई।हर बार लेकिन खरीदी बिक्री नहीं रोकी गई। अब निगम कड़ी कार्रवाई की बात कह रहा है। हालांकि अवैध प्लाटिंग करने वालों के हौंसले इतने बुलंद हो गए हैं कि उन्हें अब किसी की परवाह नहीं है। निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने बताया कि अवैध प्लाटिंग करने वालों के विरुद्ध संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। निगम के अतिरिक्त निगम के बाहर राजस्व और टीएनसीपी के एरिया में भी अवैध प्लाटिंग की शिकायतें हैं।

#### गोंड़पारा में बाउंड्रीवाल तोड़ने पर जमकर हंगामा

सोमवार को ही निगम की टीम गोंड़पारा पहुंची। यहां जाजू सोनी ने निगम से शिकायत की थी कि गोवर्धन श्रीवास्तव ने अवैध बाउंड्री बना ली है जिसके कारण सड़क संकरी हो गई है। निगम की टीम पहुंची तो दोनों पक्षों से 20-25 लोग मौके पर पहुंच गए। श्रीवास्तव पक्ष की ओर से कहा गया कि बाउंड्री 25 साल पुरानी है। इस दौरान दोनों पक्ष भिड़ गए और जमकर विवाद हुआ। एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप होते रहे। निगम टीम बिना किसी कार्रवाई के लौट आई।

---

**नाइट लैंडिंग में अड़ंगा**




# रन वे घटने के कारण परिचालन में होगी दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

करोड़ों रूपए फूंकने के बाद भी बिलासा एयरपोर्ट से नाइट लैंडिंग और रात्रिकालीन हवाई सुविधा मिलना मुश्किल है। सरकारें भले ही इसका दावा करे, लेकिन हकीकत यही है कि रनवे की लंबाई कम होने के बाद अलायंस एयर के पायलटों ने फ्लाइट उठाना को लेकर असहमति जताई है।

- **अलाइंस एयर के पायलटों ने जताई असहमति**

हवाई सुविधा संघर्ष समिति के सदस्यों का कहना है कि बिलासा एयरपोर्ट में रनवे की लंबाई आईएफआर के लिए 1490 मीटर की बजाय 1450 मीटर कर है। ऐसे में आगे के हिस्से में विमान का लैंडिंग और टेक ऑफ स्वीकृत नहीं है। इस स्थिति के कारण अलाइंस एयर के पायलट 1450 मी रनवे को पर्याप्त न बताते हुए फ्लाइट को संचालन में असमर्थता जता रहे हैं। समिति के सदस्यों ने कहा कि किसी भी एयरपोर्ट पर लैंडिंग और टेकऑफ के लिए विमान के तकनीकी क्षमता के हिसाब से एक नक्शा डीजीसीए के द्वारा अप्रूव किया जाता है। अलाइंस एयर ने जिस नक्शे को अप्रूव कराया है, उसमें रनवे की लंबाई 1490 मीटर तक उपयोग करनी है लेकिन परंतु नाइट लैंडिंग के नक्शे में 1450 मीटर के उपयोग की शर्त के कारण अलाइंस एयर द्वारा रात्रिकालीन फ्लाइट नहीं चलाई जा सकेगी। समिति ने कहा कि कई तरीके से छलावा करते हुए सरकारें हवाई सुविधा में बाधा उत्पन्न कर रही हैं। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने रविवार को मुख्यमंत्री बिलासा एयरपोर्ट से नाइट लैंडिंग सुविधा के शुभारंभ पर तंज कसा है। एयरपोर्ट पर अबतक सारे कार्यक्रम वृहद स्तर पर और आम जनता को आमंत्रित होने पर किया गया है, जबकि रविवार को किए गए नाइट लैंडिंग का शुभारंभ अचानक और बिना पूर्व सूचना के किया गया है। समिति ने कहा कि एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग सुविधा की शुरूआत यात्री विमान के लैंडिंग और टेक ऑफ से किया जाता है, ना ही मुख्यमंत्री के वीआईपी विमान। दरअसल वीआईपी विमान के लिए 1 हजार मीटर के रनवे पर ही टेकऑफ किया जा सकता है।

#### कम हो गई रनवे की लंबाई

रनवे के अंतिम छोर पर रनवे एंड सिक्योरिटी एरिया यानी रेसा होता है। बिलासा एयरपोर्ट में यह रेसा दक्षिण दिशा की ओर है। डीजीसीए ने नाइट लैंडिंग की अनुमति सिर्फ दक्षिण दिशा से दी है। इस दिशा में रेसा होने के बावजूद उत्तर की ओर भी नया रेसा बनाया गया है। लेकिन तकनीकी कारणों 1490 मी रनवे में से 50 मी रनवे पर अब लैंडिंग और टेक ऑफ नहीं किया जा सकता है। अलाइंस एयर का रनवे डायग्राम 1490 मीटर है वह बेकार हो गया है। दिन के समय लैंडिंग की जा रही है। रनवे लंबाई कम होने के कारण में यात्रियों की संख्या घटकर 52 कर दी है लेकिन नाइट लैंडिंग नहीं की जा सकती है। समिति ने कहा कि राज्य सरकार को नाइट लैंडिंग सुविधा की शुरूआत करने से पहले विसंगति को दूर किया जाना था।

---

# तीन युवक ड्राइवर-मालिक से मारपीट कर मोबाइल पर्स लूटकर भागे

**जान बूझकर पिकअप से टकराए बाइक सवार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



जान बूझकर पिकअप से टकराकर बाइक सवार तीन युवक गिर गए, उसके बाद गाड़ी मालिक व ड्राइवर से मारपीट कर पर्स व मोबाइल लूटकर भाग गए। पुलिस ने हमलावर युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सकरी पुलिस के अनुसार, तखतपुर टिकरीपारा निवासी विरेन्द्र सिंह ठाकुर पिता गणेश सिंह ने रिपोर्ट लिखाई। वह अपने ससुर की पिकअप को स्वयं चलवा रहा है। 30 मार्च को सुबह 4 बजे घर से पिकअप में सब्जी लेकर सब्जी मंडी बेचने जा रहा था, गाड़ी दउआ पोर्ते चला रहा था। 4.40 बजे जैन इंटरनेशनल स्कूल के पास उनकी पिकअप के आगे चल रहे बाइक क्रमांक सीजी 10 बीटी, 9277 में सवार तीन लड़कों ने रोड क्रास करने के लिए हाथ से इशारा किया, जिससे ड्राइवर ने गाड़ी धीरे कर ली, उसके बाद बाइक सवार युवक मुड़े नहीं और सीधे आगे जाने लगे। बाइक पिकअप से टकराकर तीनों युवक गिर गए। उसके बाद वे ड्राइवर के साथ गाली गलौज कर मारने के लिए दौड़ाने लगे। श्री सिंह ने बीच बचाव किया तो युवकों ने उनके साथ मारपीट करते हुए मोबाइल व पर्स लूट लिया। दूसरे पिकअप के ड्राइवर मुकेश ध्रुव ने बीच बचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट कर युवक भाग गए। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बाइक सवार तीन युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

#### क्षेत्र में नशेड़ी सक्रिय

उसलापुर ओवरब्रिज से लेकर सकरी के बीच नशेड़ी युवक सक्रिय हैं, ये युवक दिन दहाड़े चार पहिया वाहनों से एक्सीडेंट के बहाने व विवाद कर अवैध वसूली करते हैं। रकम नहीं मिलने पर वाहन सवारों के साथ मारपीट कर लूटपाट की जा रही है। नशेड़ी युवकों की हरकतो से क्षेत्र में आवागमन करने वाले वाहन सवार लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस क्षेत्र में दिन में भी पुलिस नजर नहीं आती है। लोगों से मारपीट करने वाले ये युवक उसलापुर और उसके आसपास रहने वाले हैं।

---

# नदी में डुबाकर 5 साल की बच्ची की हत्या, सौतेले पिता को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला न्यायालय ने 5 साल की बच्ची की नदी में डुबाकर हत्या करने वाले सौतेले पिता को उम्रकैद की सजा सुनाई है।



25 अगस्त 2022 को मस्तूरी कछार निवासी राधिका ने रिपोर्ट लिखाई। वह सुबह 10 बजे अपने पति मन्नू एवं बेटा सोमनाथ के साथ काम करने चले गया था। घर में उसकी 5 वर्षीय बेटी पायल लहरे थी। शाम 5 बजे वह काम से वापस घर आई तो उसकी बेटी घर में नहीं थी। उसके पति ने बताया, दोपहर 1 बजे वह घर आया था तब पायल घर में थी, खाना खिलाकर वह वापस काम पर चला गया था। उसने मोहल्ले व आसपास में तलाश की। नहीं मिलने पर थाने में रिपोर्ट लिखाई। पुलिस धारा 363 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया था। जांच के दौरान लापता पायल की लाश कर्रा एनीकट में मिली। पुलिस ने राधिका के पति मन्नू को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने बताया पायल उसकी सौतेली बेटी थी, इसलिए वह उससे नफरत करता था। घटना के दिन वह दोपहर में घर आया और पायल को नहाने के बहाने नदी में लेकर गया और पानी में डुबाकर उसकी हत्या कर दी। उसके बाद उसके कपड़े झाड़ियों में छिपा दिया था। पुलिस ने आरोपी मन्नू को गिरफ्तार कर चालान कोर्ट में पेश किया। तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश किरण त्रिपाठी ने दोनों पक्षों की गवाही के बाद धारा 302 में आरोपी सौतेले पिता मन्नू बंजारे पिता राजेन्द्र बंजारे 32 साल को आजीवन कारावास व 1 हजार रुपए अर्थदण्ड पटाने की सजा सुनाई गई है। शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक देवेन्द्र राव सोमावार ने पैरवी की है।

---




# दूसरों के खातों में ठगी की राशि मंगवाने वाला गिरोह गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

साइबर ठगी की रकम को दूसरों के खातों में मंगवाकर धोखाधड़ी करने के साथ ही म्यूल अकाउंट का संचालन करने वाले तीन साइबर ठगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने भरोसे का फायदा उठाकर व्यक्ति के खाते में ठगी की रकम मगंवाकर एटीएम से आहरण कर दिया। जब व्यक्ति का बैंक अकाउंट होल्ड हुआ तो उसे ठगी का एहसास हुआ।

बताया जा रहा है कि गांधीनगर निवासी शौर्य प्रताप सिंह ने पुलिस से 29 मार्च को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि मोहल्ले में रहने वाले डेयरी और चाय दुकान संचालक ऋत्विक सिंह से उसकी पुरानी जान पहचान थी। इस दौरान दिसंबर 2024 में ऋत्विक उसके घर आया और बैंक खाता काम नहीं करने का झांसा देकर शौर्य प्रताप के खाते में 48 हजार 500 रूपए मगंवा लिया और एटीएम कार्ड से राशि आहरित कर ली। इसके बाद शौर्य प्रताप का खाता होल्ड हो गया था। जब उसने जानकारी ली तो पता चला कि उसके खाते में साइबर ठगी की राशि आहरित की गई। इसके साथ ही उसे जानकारी मिली कि ऋत्विक ने अपने दोस्त अमन गुप्ता के साथ मिलकर राशि मंगवाई थी। ऐसे में उसने 29 मार्च को गांधीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस व साइबर सेल की टीम ने गांधीनगर हाई स्कूल के पीछे रहने वाले 25 वर्षीय ऋत्विक सिंह आ. नरेंद्र कुमार सिंह, देवीगंज रोड निवासी अमन कुमार गुप्ता आ. स्व. चंद्रशेखर गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया।

---

### समाज की स्थापना के लिए कर्तव्य का पालन करें

**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या बिलासपुर के समाजशास्त्र विभाग द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षाविद् डॉ. शची सप्रे मुख्य वक्ता ने बताया कि सामाजिक जीवन में सफलता के दो प्रमुख सूत्र हैं-प्रथम, निरंतर परिश्रम के बिना सफलता संभव नहीं है, और द्वितीय, सकारात्मक सोच ही व्यक्ति को समाज में सशक्त एवं सफल बनाती है। उन्होंने आगे सामाजिक आदर्शों, नैतिक मूल्यों एवं नियमों के पालन की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि एक आदर्श समाज का निर्माण तभी संभव है जब प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करे। उनके प्रेरक उद्बोधन से छात्राएं अत्यंत लाभान्वित हुईं और उन्होंने अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया।

### निर्माणाधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में चोरी

अंबिकापुर। शहर के शंकरघाट स्थित निर्माणाधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से सेंट्रिंग व अन्य निर्माण सामग्रियों को पार कर दिया है। फ़िलिहाल पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर जांच की जा रही है। बता दें कि शासन द्वारा नालों के पानी की सफाई के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्वीकृति दी गई है। करोड़ो रूपए की लागत से शहर के शंकरघाट सहित अन्य स्थानों पर एसटीपी का काम चल रहा है।

---

# गोदाम में सेंधमारी कर चोरी करने घुसे युवक को मालिक ने पकड़ा

**बिलासपुर।** बीती रात गोदाम में सेंधमारी कर चोरी करने घुसे युवक को मालिक ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।



आरोपी।

तोरवा पुलिस के अनुसार, हेमूनगर निवासी राकेश कुमार रायकेश सिंधी धर्मशाला के बगल में ट्रेड सेंटर ग्लोबल इंडिया पाइप दुकान चलाते हैं। 29 मार्च की रात 10.50 बजे उन्होंने गोदाम के पीछे दीवार में आवाज सुनी। उन्होंने रिश्तेदार व परिचितों को बुलाकर गोदाम में जाकर देखे तो दीवार में छेद बना हुआ था। अंदर खोजबीन करने पर तखत के नीचे छिपा हुआ बरखदान निवासी संजय निषाद पिता झड़ीराम निषाद 23 साल मिला। कड़ाई बरतने पर उसने गोदाम में चोरी करने के लिए घुसना स्वीकार कर लिया।

श्री रायकेश ने युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 305 ए, 331, 4 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। श्री रायकेश ने बताया, पूर्व में भी उनके गोदाम से कई बार लाखों के सामान चोरी हो चुकी है।




इसी दीवार से होकर गोदाम में घुसा था आरोपी।

## खबर संक्षेप

### शिक्षा ने बदली जिंदगी, पहाड़ी कोरवा युवती बनी प्रेरणाश्रोत

**कोरबा।** ग्राम पंचायत गढ़उपरोड़ा अंतर्गत ग्राम कदमझेरिया की निवासी राजकुमारी पहाड़ी कोरवा समुदाय की वह युवती है जिसने कठिन परिस्थितियों को पीछे छोड़कर अपनी शिक्षा, लगन और दृढ़ इच्छाशक्ति के दम पर एक नई पहचान बनाई है। घरवालों ने 5वीं कक्षा के बाद आगे की पढ़ाई के लिए दूसरे गांव भेजने से साफ इंकार कर दिया। लेकिन राजकुमारी ने हार नहीं मानी। संकल्प लिया कि शिक्षा ही जीवन बदल सकती है। जिद कर वह सतरेंगा के आदिवासी कन्या आश्रम में भर्ती हुई और अपनी पढ़ाई जारी रखी। 8वीं तक की पढ़ाई आश्रम में पूर्ण करने के बाद राजकुमारी ने घर पर रहते हुए 10वीं और 12वीं की परीक्षा स्वाध्यायी विधि से उत्तीर्ण की। इस दौरान समाज के ताने भी कम नहीं थे लड़कियों को ज्यादा पढ़ाई नहीं करनी चाहिए ज्यादा पढ़ने से इंसान पागल हो जाता है जैसी बातें उनके हौसले तोड़ने की कोशिश करती रहीं लेकिन राजकुमारी का लक्ष्य स्पष्ट था। मुख्यधारा में शामिल होकर अपने समुदाय के लिए बदलाव का मार्ग प्रशस्त करना। शिक्षित और योग्य होने के कारण उन्हें आदिवासी विकास विभाग द्वारा डीसीए कंप्यूटर कोर्स कराया गया। उनकी मेहनत रंग लाई और जिला प्रशासन कोरबा के विशेष भर्ती अभियान के तहत 1 जनवरी 2022 को उन्हें तहसील कार्यालय पोंड़ी-उपरोड़ा में सहायक ग्रेड-3 के पद पर कार्यरत हैं।

### शासकीय सेवकों के अवकाश आवेदनों की समीक्षा हेतु समिति गठित

**कोरबा।** जिले में जनगणना कार्य को सुचारू, व्यवस्थित और समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा विशेष तैयारी शुरू की गई है। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्री कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी द्वारा अभियान की गंभीरता को देखते हुए आदेश जारी कर जिले के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि जनगणना में जिले के प्रत्येक शासकीय सेवक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि केवल विशेष और अत्यंत आवश्यक परिस्थितियों में ही समिति की अनुशंसा के आधार पर अवकाश पर विचार किया जाएगा, ताकि गणना कार्य की निरंतरता बनी रहे। जारी निर्देशानुसार जनगणना कार्य में किसी भी प्रकार के व्यवधान को रोकने और अपरिहार्य परिस्थितियों में प्राप्त होने वाले अवकाश आवेदनों के विधिवत निराकरण हेतु जिला स्तर पर एक समीक्षा समिति का गठन किया गया है। यह समिति जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों से प्राप्त होने वाले अवकाश आवेदनों की गहन समीक्षा करेगी और अपनी अनुशंसा के साथ प्रस्ताव अंतिम निर्णय हेतु कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेगी। गठित समिति में डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी जनगणना अधिकारी तुलाराम भारद्वाज को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। साथ ही जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी मोहन सिंह कंवर को सदस्य सचिव तथा जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी हेमंत जायसवाल को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

### विद्यार्थियों की सफलता में अभिभावकों एवं शिक्षकों का समान योगदान होता है : मुखर्जी

**कोरबा।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खरमोरा के विद्यालय प्रांगण में ग्रेजुएशन डे अर्थात शैक्षणिक वार्षिक परीक्षा का रिजल्ट का घोषणा किया गया। कक्षा एलकेजी से लेकर नौवीं तथा ग्यारहवीं के छात्रों को रिपोर्ट कार्ड, प्रमाण पत्र एवं मेडल प्राचार्य मुखर्जी द्वारा बच्चों के अभिभावकों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त छात्रों को सिल्वर जोन ओलंपियाड में अव्वल स्थान रखने वालों को भी प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान किया गया। प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी ने कहा कि कहा कि परीक्षाएं एवं परीक्षा-परिणाम ज्ञान की कसौटी नहीं है, किंतु कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले छात्र तथा मेडल प्राप्त करने वाले छात्रों से प्रेरित होकर परिश्रम करें। कहा जाता है कि असफलता सफलता की प्रथम सीढ़ी है। इसलिए असफलता से निराश होकर नहीं बैठना चाहिये बल्कि सफलता प्राप्त करने के लिए दोगुने उत्साह के साथ प्रयास करना चाहिए। सफलता निश्चित रूप से प्राप्त होती हैं। बच्चों के सतत विकास में शिक्षक तथा माता-पिता दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। छात्रों की प्रगति एवं उन्नति में शिक्षक तथा अभिभावक एक मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं। इसके साथ इंटर स्कूल क्विज प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वालों को भी मंच पर प्रमाणपत्र के साथ सम्मानित किया गया।

## कोरबा मार्केट




एनटीपीसी औद्योगिक विकास को गति देने के साथ लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में दे रहा योगदान

# एनटीपीसी कोरबा कई राज्यों को विद्युत आपूर्ति करने में निभा रहा महत्वपूर्ण भूमिका : पात्रा



प्रेसवार्ता को संबोधित करते एनटीपीसी के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश के प्रमुख तापीय विद्युत स्टेशनों में से एक और एनटीपीसी का दूसरा सबसे पुराना संयंत्र, निरंतर अपनी मजबूती, विश्वसनीयता और उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है। 2600 मेगावाट की स्थापित क्षमता के साथ यह संयंत्र महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गोवा सहित कई राज्यों को विद्युत आपूर्ति कर देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अपनी स्थापना के बाद से एनटीपीसी कोरबा देश की ऊर्जा संरचना का एक मजबूत स्तंभ बनकर उभरा है, जो औद्योगिक विकास को गति देने और लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में लगातार योगदान दे रहा है।

उक्त बातें एनटीपीसी कोरबा के चीफ जनरल मैनेजर किशोर चंद्र पात्रा ने सोमवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान कही। एनटीपीसी के अधिकारियों ने बताया कि संयंत्र ने अपने उत्कृष्ट परिचालन प्रदर्शन के माध्यम से एक विशिष्ट पहचान बनाई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में एनटीपीसी कोरबा ने प्लांट लोड फैक्टर के मामले में लगातार एनटीपीसी के भीतर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है, जो इसकी उच्च दक्षता और विश्वसनीय संचालन को दर्शाता है। लगातार छह वर्षों से, एनटीपीसी कोरबा ने एनटीपीसी के भीतर पीएलएफ में शीर्ष स्थान सुरक्षित किया है। 2000 मेगावाट से अधिक क्षमता वाले विद्युत केंद्रों के बीच, एनटीपीसी कोरबा ने भारत में प्लांट लोड फैक्टर में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। न्यूनतम ऊर्जा शुल्क दर पर बिजली उत्पादन करने में एनटीपीसी कोरबा सभी एनटीपीसी स्टेशनों में तीसरे स्थान पर है, जो इसकी मजबूत लागत दक्षता और बेहतर परिचालन प्रदर्शन को दर्शाता है। इसकी इकाइयों ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जिसमें यूनिट-7 द्वारा 455 दिनों का निरंतर संचालन और यूनिट-1 द्वारा 400 से अधिक दिनों का निरंतर संचालन शामिल है, जो उन्हें संगठन की सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली इकाइयों में शामिल करता है। पिछले वर्ष की तुलना में कुल फोर्ड आउटेज में लगभग 50 प्रतिशत की कमी आई है। परिचालन आय के मामले में एनटीपीसी कोरबा सभी एनटीपीसी संयंत्रों में प्रथम स्थान पर है। खेल के क्षेत्र में, एनटीपीसी कोरबा ने सक्रिय रूप से स्थानीय प्रतिभाओं को निखारा है और एक मजबूत खेल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में योगदान दिया है। इस क्षेत्र के कई एथलीटों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान हासिल की है, जिनमें किरण पिस्दा, हर्षित ठाकुर, श्रुति यादव और आकर्षी कश्यप जैसी उल्लेखनीय प्रतिभाएं शामिल हैं, जिन्होंने क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। युवाओं के लिए रोजगार सृजन हेतु एनटीपीसी कोरबा ने अपने सीएसआर कार्यक्रम के तहत विभिन्न सकारात्मक कदम उठाए हैं। कार्यक्रम में बिजनेस यूनिट हेड कोरबा, किशोर चंद्र पात्र, महाप्रबंधक शत्रुघ्न बेहरा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एनटीपीसी कोरबा अस्पताल, डॉ. विनोद कोल्हटकर, शशि शेखर, अपर महाप्रबंधक, मनोज कुमार रजक, अपर महाप्रबंधक, आशीष कुमार वर्मा, अपर महाप्रबंधक, रोनी जॉनसन, अपर महाप्रबंधक, शैलेंद्र यादव, अपर महाप्रबंधक, अतुल पराशर, उप महाप्रबंधक, शशांक छाज्जर, वरिष्ठ प्रबंधक, विनायक गर्ग, उप प्रबंधक, बृजेश पाल, उप प्रबंधक तथा सुश्री उष्मा घोष, कार्यकारी (कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस) उपस्थित रहे।

### 33 प्रतिशत में किया हरित अवरण

पर्यावरणीय जिम्मेदारी एनटीपीसी कोरबा के संचालन के केंद्र में बनी हुई है। स्टेशन ने अपने कुल क्षेत्रफल के 33 प्रतिशत से अधिक हिस्से में हरित आवरण विकसित किया है और 95 प्रतिशत से अधिक की प्रभावशाली उत्तरजीविता दर के साथ 30 लाख से अधिक पेड़ लगाए हैं। एक ऐतिहासिक उपलब्धि 'चरपारा ऐश डाइक' का सफल सुधार है, जहाँ 4 लाख से अधिक पेड़ लगाए गए हैं, जिससे यह एनटीपीसी के भीतर पहला सुधारा गया ऐश डाइक बन गया है। इस प्रयास को छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से 'रिक्लेमेशन सर्टिफिकेट' प्राप्त हुआ है, जो पारिस्थितिक बहाली का एक आदर्श उदाहरण पेश करता है।

### अपशिष्ट प्रबंधन के लिए प्रतिबद्ध

एनटीपीसी कोरबा ने राख प्रबंधन में भी अनुकरणीय प्रदर्शन किया है, वित्त वर्ष 2024-25 में 119 प्रतिशत और फरवरी 2026 तक 110 प्रतिशत राख का उपयोग किया है। स्टेशन हर साल 100 प्रतिशत से अधिक राख उपयोग को बनाए रखने के लिए एक व्यापक योजना लागू करना जारी रखे हुए है, जो टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करता है।

# एनकेएच में कैथलैब से मरीजों को मिला जीवनदान

हेल्थ प्लस




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल एनकेएच में कैथलैब सुविधा शुरू होने के बाद हृदय रोगियों को अब बड़े शहरों जैसी अत्याधुनिक इलाज सुविधा स्थानीय स्तर पर ही मिल रही है। इससे मरीजों को बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ रही और समय पर इलाज मिलने से जीवन रक्षा संभव हो रही है। पिछले एक सप्ताह में 25 से अधिक हृदय मरीज अस्पताल पहुंचे, जिनका तत्काल उपचार शुरू किया गया। कार्डियोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. सतीश सूर्यवंशी के नेतृत्व में जांच के बाद 4 मरीजों की एंजियोप्लास्टी, 5 की एंजियोग्राफी और 1 मरीज का एआईसीडी सफलतापूर्वक प्रत्यारोपण किया गया। एआईसीडी सफलतापूर्वक प्रत्यारोपण कोरबा में पहली बार हुआ है। सभी मरीज अब स्वस्थ बताए जा रहे हैं। रायपुर के कार्डियोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. सतीश सूर्यवंशी, डॉ. एसएस मोहंती और डॉ. दीपक कुमार अपनी टीम के साथ सेवाएं दे रहे हैं और आपात स्थिति में भी तत्परता से इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। एनकेएच ग्रुप के डायरेक्टर डॉ. एस चंदानी ने बताया कि जिले की पहली कैथलैब होने के कारण अब कोरबा में ही हृदय रोगों का संपूर्ण इलाज संभव हो गया है, जिससे मरीजों का समय और खर्च दोनों बच रहा है।

# खराब ट्रांसफार्मर व केबल बदलने कनिष्ठ यंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

ग्राम पंचायत अरदा आश्रित मोहल्ला डोंगरपाठ में इन दिनों लो-वोल्टेज की समस्या से पूरे ग्रामवासी परेशान हैं। विगत 6 माह से खराब ट्रांसफार्मर व जर्जर केबल (तार) की वजह से मोहल्ले में लो-वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। लो-वोल्टेज कभी भी अचानक हाई वोल्टेज हो जा रहा हैं जिससे घर में रहे फ्रीज, कूलर, टीवी, पंखा, बोर व अन्य विद्युत उपकरण खराब हो जा रहा। लो वोल्टेज की वजह से ओवर हेड पानी टंकी की सप्लाई पूरे गांव में बंद हो चुका है, जिससे पूरे अरदा गांव में पानी की किल्लत मची हुई है। जर्जर केबल (तार) के वजह से विद्युत पोल व पेड़ों में करंट आ रहा है, जिससे कभी भी जानमाल का नुकसान होने की आशंका बनी हुई हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि खराब ट्रांसफार्मर बदला जाए, डोंगरपाठ का जर्जर केबल (तार) बदला जाए एवं डोंगरपाठ श्रीवास पारा में दो फेस विद्युत केबल व एक विद्युत पोल की मांग की गई है।

# उद्योग मंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे हनुमंत कथा में, लिया आशीर्वाद



उद्योग मंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष धीरेंद्र शास्त्री से आशीर्वाद लेते।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम ढपढप बांकीमोंगरा में आयोजित श्री हनुमंत कथा में सोमवार को कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन और प्रदेश अध्यक्ष भाजपा किरण सिंह देव सपरिवार सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन एवं प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री (बागेश्वर धाम सरकार) से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि ढपढप में उमड़ा यह जन-सैलाब हमारी सनातन संस्कृति की अटूट शक्ति का प्रतीक है। बजरंगबली के चरणों में प्रार्थना है कि उनका आशीर्वाद प्रदेशवासियों पर सदैव बना रहे और कोरबा जिला एवं प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे। हनुमंत कथा आस्था, भक्ति, राष्ट्रभाव और सनातन संस्कारों के जागरण का महापर्व है। कथा के माध्यम से समाज में सकारात्मक ऊर्जा, आत्मबल और सेवा-भाव का संचार होता है। इस दिव्य आयोजन के सफल संचालन हेतु आयोजकों को हार्दिक साधुवाद। प्रभु श्रीराम और पवनपुत्र हनुमान जी की कृपा हम सभी पर बनी रहे, यही मंगलकामना है। इस अवसर पर कटघोरा के विधायक प्रेमचंद पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, प्रफुल्ल तिवारी, अशोक चावलानी, वैभव शर्मा, श्रीमती अंजना सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# गेवरारोड-पेंड्रारोड कॉरिडोर का काम 90 फीसदी पूरा, जल्द दौड़ेंगी ट्रेनें


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



गेवरारोड-पेंड्रारोड रेल कॉरिडोर का निर्माण कार्य लगभग होने वाला है। परियोजना का लगभग 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है और अलग-अलग सेक्शन में तेजी से कार्य चल रहा है। प्रोजेक्ट कंपनी इसे इस वर्ष दिसंबर 2026 तक पूरा कर चालू करने की तैयारी में है। फिलहाल करीब 20 किलोमीटर ट्रैक पर ट्रेनें चलना शुरू हो चुका है।

अधिकारियों के अनुसार एक सेक्शन मार्च तक और दूसरा जून तक तैयार हो जाएगा, जबकि शेष हिस्सों का काम दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

कॉरिडोर रेल लाइन की शुरुआत खरसिया से हुई है, जो धरमजयगढ़, पेलमा, उरगा और कुसमुंडा होते हुए गेवरारोड में आकर मिलती है। इसके बाद दूसरा चरण गेवरारोड से पेंड्रारोड तक बनाया जा रहा है। इस सेक्शन की मूल लंबाई 135 किलोमीटर है, लेकिन कुछ स्थानों पर अतिरिक्त लाइन जोड़े जाने से परियोजना की कुल लंबाई 155 किलोमीटर हो गई है। पूरे सेक्शन में रेल लाइन बिछाने का काम लगभग पूरा हो चुका है और इलेक्ट्रिफिकेशन का कार्य अंतिम चरण में है। यह परियोजना 2020 में करीब 10 हजार करोड़ रुपए की लागत से शुरू हुई थी। बाद में केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने क्षेत्र में वाइल्ड कॉरिडोर बनाने के निर्देश दिए, जिसके कारण काम कुछ समय के लिए रोकना पड़ा। इसके बाद परियोजना को संशोधित किया गया और लागत 2500 करोड़ रुपए बढ़कर 12,500 करोड़ रुपए हो गई। वन्यजीवों की आवाजाही को सुरक्षित रखने के लिए पूरी लाइन में 16 अंडरपास और 4 ओवरपास बनाए गए हैं।यह रेल कॉरिडोर मुख्य रूप से एसईसीएल की खदानों से कोयले के परिवहन के लिए बनाया जा रहा है। इसके चालू होने पर कोरबा क्षेत्र की खदानों से हर साल लगभग 180 मिलियन टन कोयले का डिस्पैच संभव होगा।




# पाली-तानाखार विधायक ने किया पुलिया निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



ग्राम पंचायत पाली अंतर्गत मेन रोड से प्राथमिक शाला कर्मीआमा तक पहुंचमार्ग में पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन पाली-तानाखार विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य विदवान सिंह मरकाम सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि कुलदीप सिंह मरकाम, राय सिंह मरकाम, ललित कुमार ऊईके, जनपद सदस्य वेद प्रताप कोराम, दिनेश केराम, सरपंच सुमार सिंह मरकाम, सचिव मोती कोराम सहित पंचगण और कार्यकर्ता मौजूद रहे। ग्रामीणों ने बताया कि कर्मीपारा और कर्मीआमा के बीच लंबे समय से आवागमन में दिक्कतें बनी हुई थीं। बरसात के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती थी, जिससे स्कूली बच्चों को प्राथमिक शाला आने-जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ती थी। पुलिया निर्माण से अब न केवल बच्चों को सुरक्षित रास्ता मिलेगा, बल्कि ग्रामीणों को भी आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी।

### डीएवी गेवरा के मेधावी छात्र होंगे सम्मानित

**कोरबा।** डीएवी पब्लिक स्कूल एसईसीएल गेवरा में सत्रांत परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों के परिणाम पहले ही घोषित किए जा चुके थे। इनमें कई विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कर अनुशासन का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को ऑनेस्ट चाइल्ड, स्पेलिंग स्टार, एन्थुसियेस्टिक लर्नर और शार्प अंडरस्टैंडिंग जैसी उपाधियों से नवाजा। तीसरी से सातवीं तथा 9वीं से 11वीं कक्षा तक के परीक्षा परिणाम भी घोषित कर दिए गए हैं। विद्यालय के प्राचार्य टीपी राव ने सभी मेधावी एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने का फैसला लिया है। एक विशेष समारोह का आयोजन कर इन विद्यार्थियों को प्रगति पत्रक, प्रमाण पत्र तथा पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।




## पृष्ठ 1 का शेष

### प्रेमी ने साथियों...

राजेश तिवारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे और स्थानीय राहगीरों की मदद से गंभीर रूप से घायल नाबालिक किशोरी को उपचार के लिए शहर के मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया और वारदात में शामिल आरोपियों की पुलिस द्वारा सरगर्मी से खोजबीन की गई और चंद घंटे के बाद पुलिस ने चाकूबाजी की घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दो आरोपियों की सरगर्मी से खोजबीन की जा रही है।

### जिला अधिवक्ता संघ ...

नामांकन दाखिल किया है। बताया जाता है कि अब नामांकन दाखिले के बाद चुनाव अधिकारी द्वारा जांच की प्रक्रिया की जाएगी और इसके उपरांत नामांकन वापसी की प्रक्रिया 3 अप्रैल को दोपहर 12 से 2 बजे तक होगा जिसके बाद प्रत्याशी का सूची का प्रकाशन होगा और 12 अप्रैल को मतदान की प्रक्रिया होगी और 13 अप्रैल को मतगणना की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी।



## खबर संक्षेप

### पीपीटी 7 मई, बीएससी नर्सिंग और बीएड की प्रवेश परीक्षा 11 जून को

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) ने शैक्षणिक सत्र 2026 के लिए प्रमुख प्रवेश परीक्षाओं बीएससी नर्सिंग, प्री-पॉलिटेक्निक (पीपीटी) और प्री. बीएड का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसके साथ ही अभ्यर्थियों के लिए आवेदन प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। तीनों परीक्षाएं राज्य के 33 जिला मुख्यालयों में आयोजित होंगी। अभ्यर्थी व्यापमं के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर निर्धारित तिथियों में ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। खास बात यह है कि छत्तीसगढ़ के स्थानीय अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होने पर शुल्क वापस किया जाएगा, जो सीधे उनके बैंक खाते में जमा होगा। प्रदेश में तीनों प्रवेश परीक्षाओं में पिछले पांच वर्षों में अभ्यर्थियों की संख्या में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है। 2021 में जहां इन तीनों परीक्षाओं में कुल मिलाकर लगभग 1.55 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे, वहीं 2025 तक यह संख्या बढ़कर करीब 2.15 लाख पहुंच गई। यानी करीब 38 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### कॉलोनी के बीच बनेगा सिविल कक्ष, शिकायत दर्ज करने रहेगा रजिस्टर

**कोरबा।** एसईसीएल दीपका क्षेत्र के संयुक्त सलाहकार समिति (जेसीसी) की बैठक में कर्मियों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। महाप्रबंधक संजय कुमार मिश्रा की उपस्थिति में समस्याओं के समाधान के लिए निर्णय दिए गए हैं। प्रगति हाउस में हुई बैठक में धूल की समस्या को देखते हुए श्रमिक चौक से थाना चौक तक सड़क पर 24 घंटे पानी छिड़काव करने का निर्णय लिया गया है। इसकी निगरानी सिविल विभाग करेगा। कॉलोनी के बीच अलग से सिविल कक्ष बनेगा। यहां शिकायत दर्ज करने रजिस्टर रखा जाएगा। तीन अधिकारियों की समिति गठित की जाएगी, जो साप्ताहिक निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। वहीं आवासों की मरम्मत के लिए वेलफेयर टीम को दो समूहों में बांटकर सभी आवासों का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कराने कहा गया है। एमक्यू आवास के पीछे सफाई कर्मचारियों के निवास के सामने टूटी दीवार के पुनर्निर्माण का भी निर्णय लिया गया है। इसके अलावा जेसीसी की मांग पर दीपका कर्मचारियों को भी गेवरा क्षेत्र के कर्मचारियों की तरह गुरुद्वारा में कैशलेस पैथोलॉजी सुविधा प्रदान करने की मंजूरी दी गई है। पेयजल संकट के समाधान के लिए सरई तालाब से पाइपलाइन से पानी लाकर फिल्टर कर सप्लाई करने की योजना बनाई गई है। इसके साथ ही महाप्रबंधक ने सभी से जल संरक्षण की अपील की। जेसीसी ने दीपका में अलग को-ऑपरेटिव खोलने की मांग पर भी सहमति जताते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसे अलावा वॉटर बॉटल व टॉवल वितरण में देरी पर नाराजगी जताते हुए एक सप्ताह में व्यवस्था करने कहा है। बैठक में यूनियन नेता मौजूद रहे।

### पूर्व विधायक के निवास में हुआ कांग्रेस कमेटी की बैठक

**हरदीबाजार।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज एवं जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा (ग्रामीण) अध्यक्ष मनोज चौहान के दिशा निर्देश पर हरदीबाजार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर के निवास स्थान पर बैठक आहूत की गई। बैठक में संगठन के तहत संगठन विस्तार ब्लॉक, बूथ, पंचायत एवं बूथ कमेटी का गठन किए जाने के संदर्भ में मंडल कांग्रेस के सभी अध्यक्षों को फोटो युक्त से गठन कर जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा को जल्द से जल्द भेजने का जानकारी दिया गया। ब्लाक प्रभारी गुलशन जायसवाल ने कहा कि जीतना जल्दी हो सके वार्ड, पचायत और बूथ कमेटी का गठन कर सूची जिला कांग्रेस को भेजी जाएगा। वहीं पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर ने कहा कि हर पंचायत से लेकर वार्ड और बूथ कमेटी का सही ढंग से गठन कर एक जिम्मेदार कार्यकर्ता को सोच समझ कर उनके सहमति से मोबाईल नम्बर के साथ जिम्मेदारी दिया जाएगा। बैठक में पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मदन राठौर, कटघोरा विधानसभा ग्रामीण प्रभारी गोपाल यादव, ब्लॉक अध्यक्ष कौशल श्रीवास, कन्हैया राठौर, सनोवर परवीन, कुलदीप राठौर, कांति मधुकर, रामशरण कंवर, चंद्रहास राठौर, भैयाराम यादव अध्यक्ष, रामनारायण पटेल, श्रवण कश्यप, मुकेश बर्मन, द्वारिका यादव, अनिल पोर्ते, फालेश्वर श्रीवास, दिलीप राठौर उपस्थित थे।

### पार्षद ने किया शासकीय उचित मूल्य दुकान का औचक निरीक्षण

**कोरबा।** वार्ड क्रमांक 18, कोहड़िया अंतर्गत नर्सरीपारा कोहड़िया स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान का पार्षद नरेंद्र देवांगन ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर राशन वितरण व्यवस्था, स्टॉक रजिस्टर, हितग्राहियों को मिल रही सुविधाओं एवं पारदर्शिता का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु संचालकों को कड़े निर्देश दिए गए तथा स्पष्ट किया गया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पार्षद ने सख्त लहजे में कहा कि प्रत्येक पात्र हितग्राही को समय पर, पूर्ण मात्रा में एवं गुणवत्ता युक्त खाद्यान्न मिलना सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि वार्ड क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं स्वच्छता, पेयजल, सड़क एवं बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है और जनता की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान हमारी प्राथमिकता है।

---

नगर निगम की टीम लगातार कर रही कार्यवाही

# सम्पत्ति कर जमा न करने वाले बड़े बकायादारों की सम्पत्ति की गई सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम को देय सम्पत्तिकर संबंधित करदाताओं द्वारा न पटाये जाने पर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के निर्देश पर निगम लगातार कड़ी कार्यवाही कर रहा है, इसी कडी में बड़े बकायादार वार्ड क्र. 5 गांधी चौक कोरबा निवासी केदारनाथ गुप्ता बकाया राशि 92 हजार 160 रूपये की सम्पत्ति को निगम अमले ने सील कर दिया गया है तथा उन्हें हिदायत दी गई है कि वे तत्काल सम्पूर्ण बकाया राशि निगम कोष में जमा करायें। निगम द्वारा ऐसे बडे. बकायादारों जिनके द्वारा निगम को देय बकाया करों के भुगतान किए जाने में रूचि नहीं ली जा रही है तथा बार-बार वारंट, नोटिस दिए जाने के बावजूद उनके द्वारा बकाया करों की राशि निगम में जमा नहीं कराई जा रही, ऐसे बकायादारों के विरूद्ध निगम कड़ी कार्यवाही कर रहा है।



सीलबंद की कार्यवाही करते निगम के कर्मचारी।

उल्लेखनीय है कि निगम द्वारा सम्पत्तिकर, समेकित कर, जलकर आदि सहित विभिन्न करों की एक बड़ी बकाया राशि बकायादारों से प्राप्त की जानी है, इस हेतु निगम द्वारा बकायादारों को बार-बार नोटिस व वारंट आदि जारी कर बकाया राशि का भुगतान निगम कोष में किए जाने हेतु कहा जा रहा है, किन्तु बकायादारों द्वारा राशि जमा करने में रूचि नहीं दिखाई जा रही है, जिसके कारण एक ओर जहाँ निगम को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है, वहीं नगर के विकास व नागरिक सुविधाओं की बेहतरी पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ना संभावित हैं। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के कडे निर्देश पर नगर निगम के राजस्व अमले द्वारा अब इन बकायादारों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में कोरबा जोनांतर्गत वार्ड क्र. 5 गांधी चौक निवासी केदारनाथ गुप्ता की सम्पत्ति को निगम द्वारा सील कर दिया गया है, कार्यवाही के दौरान जोन कमिश्नर नीरज कौशिक, उप जोन प्रभारी अजय कुमार अग्रवाल, उप अभियंता विनोद गोंड़, उत्तम राठौर, तेजराम सोनी, श्यामलाल यादव, प्रेमप्रकाश के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

#### सी.एण्ड डी.वेस्ट पर 4 हजार रूपए का अर्थदण्ड

नगर निगम द्वारा सड़क व सार्वजनिक स्थल पर सी.एण्ड डी.वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री आदि डम्प करने वालों के विरूद्ध भी लगातार कार्यवाही की जा रही है, इसी कड़ी में आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के निर्देश पर निगम अमले द्वारा कोसाबाड़ी जोनांतर्गत सड़क पर 2 व्यक्तियों के द्वारा सी.एण्ड डी.वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री डम्प किये जाने पर कार्यवाही करते हुये 4 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया तथा उक्त सी.एण्ड डी.वेस्ट का उचित निपटान व प्रबंधन तत्काल किये जाने के निर्देश दिये।

#### गंदगी फैलाने पर 3 हजार रूपए जुर्माना

महाराणा प्रताप अटल आवास परिसर के समीप एक व्यक्ति द्वारा खुले में कचरा डाला जा रहा था, इस पर निगम के स्वच्छता विभाग के अमले द्वारा कार्यवाही करते हुये संबंधित पर 3 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया तथा कड़ी चेतावनी दी कि दुबारा सार्वजनिक स्थल, चौक-चौराहों व खुले में कचरा न डालें, अन्यथा और अधिक कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

---

# छात्रावास में छात्रों से दुर्व्यवहार अनुशासनहीनता पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला प्रशासन द्वारा शासकीय संस्थानों में अनुशासन बनाए रखने और छात्रावासों में अध्ययनरत छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अनुशासनहीनता पर कड़ी कार्रवाई की गई है। विकासखण्ड कटघोरा के अंतर्गत संचालित प्री. मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, छुरी में कार्यरत दैनिक मजदूर केसर दुबे को उनके अशोभनीय व्यवहार और गंभीर लापरवाही के चलते तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक कर दिया गया है।

**खास बातें**

- छुरी बालक छात्रावास के दैनिक मजदूर को सेवा से किया गया पृथक
- 27 मार्च को रसोईये के द्वारा शराब पीकर मंचाया था हंगामा

प्राप्त विवरण के अनुसार, संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध पूर्व में भी शराब का सेवन कर छात्रावास परिसर में प्रवेश करने की शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिस पर उन्हें कड़ी समझाइश देते हुए लिखित माफीनामा भी लिया गया था।

तत्पश्चात भी 27 मार्च को उक्त कर्मचारी ने पुनः शराब के नशे में छात्रावास पहुंचकर छात्रों के साथ दुर्व्यवहार करते हुए उन्हें डराने-धमकाने का प्रयास किया। इस अप्रिय स्थिति के कारण भयभीत होकर भागने के दौरान कक्षा छठवीं के छात्र पुष्पेंद्र कंवर के आंख के ऊपरी हिस्से में चोट लग गई। जिला प्रशासन ने घटना को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए घायल छात्र का तत्काल प्राथमिक उपचार सुनिश्चित कराया। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कोरबा द्वारा जारी आदेश के तहत, शासकीय नियमों के उल्लंघन और छात्रों की सुरक्षा के प्रति बरती गई इस गंभीर लापरवाही को अक्षम्य मानते हुए केसर दुबे की सेवाएँ तत्काल समाप्त की गई हैं। छात्रों के हितो एवं शिक्षण संस्थानों में अनुशासन बनाए रखने हेतु लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध भविष्य में इसी प्रकार की कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

---

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर ने जनदर्शन में शहरी एवं दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनदर्शन में आए आमजनों ने बारी बारी से विभिन्न समस्याओं व शिकायतों के समाधान हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। उन्होंने सभी आवेदन गम्भीरता से सुने एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और पारदर्शी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।

**खास बात**

- अधिकारियों को शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश


जनदर्शन में शिकायत सुनते कलेक्टर।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बिजली बिल सुधार से जुड़े आवेदनों के सम्बंध में विद्युत विभाग के अधिकारियों को राज्य शासन की नई गाइडलाइन के अनुसार जिले में सतत रूप से विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। इन शिविरों में ग्रामीण नागरिकों से आवेदन प्राप्त कर शीघ्रता से परीक्षण कर पात्र आवेदकों को राहत प्रदान करने निर्देशित किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर के सम्बंध में व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज विभिन्न समस्याओं से सम्बंधित कुल 106 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें बिजली बिल सुधार, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना दिलाने, तालाब का मरम्मत, स्वास्थ्य सहायता, पीएम किसान सम्मान निधि, पेंशन, सीमांकन और कब्जा हटाने सहित अन्य आवेदन शामिल थे। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारी को जनदर्शन में प्राप्त आवेदन का जांच कर शीघ्र निराकृत करने के लिए कहा।

---

# ऑनलाइन दवा विक्रय से दवाओं के गुणवत्ता व आपूर्ति श्रृंखला की पारदर्शिता पर उठता है सवाल : सिरोठिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन पूरे राज्य के लगभग 18 हजार दवा विक्रेताओं का प्रतिनिधित्व करती है। हमारी संबद्धता ऑल इंडिया केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन से है, जो पूरे भारतवर्ष के लगभग 12 लाख 50 हजार केमिस्टों का प्रतिनिधित्व करती है। अखिल भारतीय, प्रदेश एवं जिला स्तर पर हमारी संस्था द्वारा प्रारंभ से ही ऑनलाइन दवा विक्रय का निरंतर विरोध किया जाता रहा है, क्योंकि इससे दवाओं की गुणवत्ता, सुरक्षित भंडारण तथा आपूर्ति श्रृंखला की पारदर्शिता पर प्रश्न उठता है। औषधियों के लिए निर्धारित तापमान, बैच का लेखा-जोखा एवं समयावधि (एक्सपायरी) का समुचित पालन ऑनलाइन माध्यम में सुनिश्चित करना कठिन होता है।

**खास बात**

- ऑनलाइन माध्यम से चिकित्सकीय पर्चे के सत्यापन की प्रक्रिया नहीं रही नियंत्रित



मीडिया से चर्चा करते दवा एसोसिएशन के पदाधिकारी।

उक्त बातें छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिरोठिया ने सोमवार को आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान कही। श्री सिरोठिया ने कहा कि इसके अतिरिक्त, ऑनलाइन माध्यम में चिकित्सकीय पर्चे के सत्यापन की प्रक्रिया भी पूरी तरह नियंत्रित नहीं रहती, जिससे प्रतिबंधित श्रेणी की दवाओं के दुरुपयोग की संभावना बढ़ जाती है, जो जन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। हमारे संगठन के सदस्य अधिकृत विक्रेताओं एवं दवा निर्माता कंपनियों की वैध आपूर्ति श्रृंखला से जुड़े हैं, जिससे दवाओं की गुणवत्ता एवं प्रामाणिकता सुनिश्चित रहती है। वहीं ऑनलाइन माध्यम में इस प्रकार की स्पष्ट व्यवस्था का अभाव रहता है, जिससे गलत अथवा अवैध दवाओं के प्रसार की आशंका बनी रहती है। सरकार द्वारा गठित औषधि नियंत्रण विभाग समय-समय पर निरीक्षण एवं जांच के माध्यम से हमारी संस्था से जुड़े दवा विक्रेताओं पर निगरानी रखता है, जिससे सुरक्षित एवं नियंत्रित व्यवस्था में दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित हो पाती है। अतः ऑनलाइन दवा विक्रय से न केवल स्थानीय दवा व्यवसाय प्रभावित होता है, बल्कि दवाओं की गुणवत्ता एवं सुरक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

---

# महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल ने जिला चिकित्सालय में 100 बेबी किट का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल कोरबा ने जिला चिकित्सालय में जन-स्वास्थ्य सेवा के तहत लगभग 100 नवजात शिशुओं को बेबी किट वितरित किए। कार्यक्रम का आयोजन भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर जीवदया सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया। वितरित किट में नवजात देखभाल सामग्री जैसे पोशाक, कंबल, साबुन, तेल, नैपकिन तथा अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल थीं। यह सामग्री नवजात शिशुओं एवं उनकी माताओं को प्रदान की गई, जिससे परिजनों के चेहरों पर खुशी साफ देखी जा सकती थी।


कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व अन्य।

कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष वीर महावीर जैन (मीसो), सचिव वीर संतोष जैन, तथा वीर नितेश जैन, वीर नीरज जायसवाल, वीर कमल जैन, वीर प्रकाश कोचर, वीर अमित जैन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। आयोजकों ने अस्पताल प्रबंधन एवं शिशुओं के परिजनों का आभार जताया और भविष्य में मातृ-शिशु स्वास्थ्य अभियान को और अधिक विस्तार देने की प्रतिबद्धता दोहराई। संस्था के अध्यक्ष वीर महावीर जैन ने कहा कि मातृ-शिशु स्वास्थ्य समाज के विकास की नींव है। हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक नवजात शिशुओं और उनकी माताओं तक यह सेवा पहुंचे। भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रहेंगे।

### राताखार नहर के समीप मिली अज्ञात लाश

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत राताखार इलाके में जोड़ा पुल के नीचे नहर में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश तैरती हुई पाई गई। शव मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर तत्काल पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नहर से बाहर निकाला। प्रारंभिक जांच में मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### आदित्य का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन



**हरदीबाजार।** पाली विकास अंतर्गत ग्राम पंचायत भलपहरी के प्राथमिक शाला भलपहरी कला के होनहार छात्र आदित्य कंवर ने जवाहर नवोदय विद्यालय चयनित हुआ है। उन्होंने 91.25 अंक अर्जित कर ऑल इंडिया में 20वां रैंक हासिल किया है। आदित्य के चयन पर ग्राम पंचायत भलपहरी की सरपंच श्रीमती सावित्री कामता प्रसाद मरावी ने छात्र को श्रीफल एवं गुलदस्ता भेंट कर तथा मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर उपसरपंच प्रह्लाद राठौर, पंच महत्तरू रामखांडे, त्रिभुवन पॉवले, नंदू कंवर, शत्रुघ्न कश्यप, रोहित कश्यप, अजय कश्यप, छत्रपाल राठौर, चुम्मन कश्यप, शिक्षक विजय कुमार धृतलहरे, श्रीधर राठौर एवं बिंदुलता सूरगे उपस्थित रहे।

---

आयोजित किया गया था सम्मान समारोह

# शासन की योजनाओं को उजागर करती है मीडिया : डॉ विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

केंद्र सरकार हो चाहे राज्य सरकार की अनेक महत्वाकांक्षी जन उपयोगी योजनाओं को शहर, गांव,गली व चौपाल घर तक पहुंचाने का काम मीडिया करती है, साथ ही उन पर जमीनी हकीकत को शासन-प्रशासन व जनता के सामने निष्पक्ष रखती है।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व पत्रकार

उक्त बातें पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर ने हरदीबाजार प्रेसक्लब भवन में आयोजित होली मिलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि शासन की योजना हो या जमीनी हकीकत को उजागर मीडिया ही करती है, हरदीबाजार प्रेस क्लब का यह आयोजन बहुत ही सराहनीय व उनके उत्कृष्ट कार्य दक्षता को दर्शाता है। सरपंच लोकेश्वर कंवर ने प्रेस को समाज का आईना कहते हुए सच्ची बात बेधड़क एक पत्रकार ही अपनी कलम की ताकत से लिखकर करता है। पूर्व जनपद सदस्य अनिल टंडन ने घटना हो चाहे दुर्घटना, गांव व गली की समस्या पत्रकार समाज के सामने निष्पक्ष रखती है। समाजध्वज वाहक व प्रदेश सह संयोजक किसान मोर्चा सदस्य चुलेशवर राठौर ने कहा है कि आज के दौरान में एक पेशा में रहकर संगठित होकर पत्रकारिता करना नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है। इस दौरान कौशल श्रीवास, डॉ शक्ति डिक्सेना, डॉ गणेश प्रभुवा, रामू जायसवाल, इंद्रपाल सिंह कंवर, हरीश चंद्र राजवाड़े, शिक्षक ब्रम्हानंद राठौर, आरएन कुर्रे, डॉ अर्जुन महंत, रामशरण कंवर, आशीष अग्रवाल, गोपाल यादव, चंद्रहास राठौर, रमेश अहीर, दिलीप राठौर, हरसेन महंत, सावित्री कामता मरावी, विरेंद्र पटेल, नरेश राठौर, राजेश्वर राठौर, रामकुमार यादव, कांति मधुकर, बाबूराम राठौर, राजाराम राठौर, विनोद उपाध्याय, निलेंद्र राठौर, प्रमोद राठौर उपस्थित रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून, 30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411